आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
गुरूवार 12.06.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- एयर इंडिया का लंदन जाने वाला यात्री विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास मेघानी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त, दो सौ बयालीस लोग थे सवार।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना के बारे में गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से बातचीत की। प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 127वें इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंचीधाम मेले की व्यापकता और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए।

**एयर इंडिया विमान दुर्घाटनाग्रस्त**

एयर इंडिया का लंदन जाने वाला यात्री विमान आज गुजरात के अहमदाबाद हवाई अड्डे के पास मेघानी नगर इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उड़ान संख्या एआई–171 का यह विमान अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भर रहा था। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अनुसार विमान में दो सौ बयालीस लोग सवार थे, जिनमें 2 पायलट और 10 केबिन क्रू शामिल थे। इनमें से एक सौ उन्नहत्तर भारतीय नागरिक, तरेपन ब्रिटिश नागरिक, एक कनाडाई नागरिक और 7 पुर्तगाली नागरिक हैं। दुर्घटना पर अधिक जानकारी के लिए एयर इंडिया ने एक यात्री हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 स्थापित किया है। अलर्ट मिलने के बाद राहत और बचाव की टीमें मौके पर पहुंचीं। गांधीनगर से 90 कर्मियों वाली राष्ट्रीय आपदा कार्रवाई बल की तीन टीमों को दुर्घटना स्थल पर भेजा गया। घायलों को इलाज के लिए अहमदाबाद सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए आगे की जांच चल रही है। राहत और बचाव कार्यों को सुविधाजनक बनाने के लिए दुर्घटना स्थल की ओर जाने वाली सभी सड़कों को बंद किया गया है। एयर इंडिया ने कहा है कि विवरण का पता लगाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुःखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुःखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएँ इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूँ।

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुर्घटना के बारे में गृह मंत्री अमित शाह और नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू से बातचीत की। श्री मोदी ने उन्हें यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाए। श्री नायडू ने कहा कि उन्होंने सभी विमानन और आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों को त्वरित और समन्वित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। श्री अमित शाह ने घटना पर गुजरात के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री से बातचीत की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि घायलों को अस्पतालों ले जाने के लिए ग्रीन कॉरिडोर की व्यवस्था करने और सभी चिकित्सा सुविधाएं प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि सभी विवरणों के समन्वय के लिए मंत्रालय में एक परिचालन नियंत्रण कक्ष सक्रिय कर दिया गया है। इसके संपर्क नंबर हैं– 011–24610843 और 9650391859 । मंत्रालय ने कहा है कि वह सभी प्रभावितों को त्वरित और पूर्ण सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**मुख्यमंत्री हादसा दु:ख**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि गुजरात के अहमदाबाद में यात्रियों को लेकर जा रहे एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का समाचार अत्यंत दु:खद और पीड़ादायक है। राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है, ईश्वर से यात्रियों के सकुशल होने की कामना करता हूँ।

**बैंक भाखा भाुभारंभ**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में गुप्तकाशी और ज्योतिर्मठ में एक निजी बैंक की नई शाखाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि इससे सीमांत क्षेत्रों में आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि गुप्तकाशी और ज्योतिर्मठ, चारधाम यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। इन स्थानों पर बैंक की शाखाएं खुलने से स्थानीय लोगों के साथ ही श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिलेगी। श्री धामी ने कहा राज्य सरकार, प्रदेश में सभी बैंकों के आवश्यक बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए हर संभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा जैसी सेवाओं हर नागरिक तक पहुंचे। राज्य सरकार ई– गवर्नेंस, मोबाइल एप, डिजिटल सेवाओं को गांव गांव तक पहुंचा रही है, जिससे लोगों का जीवन आसान हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्योर्तिमठ में केंद्र सरकार के सहयोग से 1700 करोड़ से भी अधिक की लागत से पुर्नावास की योजना का काम गतिमान है।

## मुख्य सचिव

मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में आज सचिवालय में एशियाई विकास बैंक सहायतित टिहरी झील एरिया डेवलपमेंट प्रोजेक्ट उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक हुई। मुख्य सचिव ने प्रोजेक्ट के कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए संतोष व्यक्त किया और तेजी से कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में किसी भी प्रोजेक्ट का पूरा ग्राउंड सर्वे करने के बाद ही डीपीआर तैयार करें, ताकि प्रोजेक्ट के सभी पहलू सम्मिलित हो जाएं और प्रोजेक्ट की बाद में लागत में बढ़ोतरी की संभावना भी न रहे। उन्होंने टिहरी क्षेत्र के विकास से संबंधित अब तक विभिन्न एजेंसी द्वारा समय–समय पर किए गए कार्यों का विवरण भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## लोकसभा अध्यक्ष

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि प्रशासनिक अधिकारियों के पास लोगों के जीवन में सामाजिक–आर्थिक परिवर्तन लाने और राष्ट्र को नई ऊँचाइयों पर ले जाने का सामर्थ्य होता है। ऐसे में हर एक अधिकारी का यह प्रयास होना चाहिए कि वह जन समस्याओं का अंतिम पड़ाव बनें और वंचित व्यक्ति तक शासनिक–प्रशासनिक कार्यक्रमों का लाभ पहुँचाएं। श्री बिरला आज मसूरी स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 127वें इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सिविल सेवाओं से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत होने जा रहे अधिकारियों के पास सार्वजनिक जीवन का समृद्ध अनुभव है। इस दीर्घ कार्य अनुभव से आम–जनजीवन को सकारात्मक दिशा देना हमारा पहला ध्येय होना चाहिए।

## मुख्यमंत्री कैंची धाम बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंचीधाम मेले की व्यापकता और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तात्कालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाएं तैयार करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। आज मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि तात्कालिक उपायों से मेले के वर्तमान संचालन को बेहतर बनाया जाए, वहीं मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं के माध्यम से स्थायी व सुदृढ़ प्रबंधन प्रणाली विकसित की जाए। मुख्यमंत्री ने सेनेटोरियम से भवाली पेट्रोल पंप से आगे तक लगभग तीन किलोमीटर मार्ग पर हो रही कटिंग कार्य को युद्धस्तर पर पूरा करने के निर्देश भी दिए, ताकि यातायात व्यवस्था को और बेहतर किया जा सके। इस दौरान नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि कैंची धाम की धारण क्षमता कम है, जबकि मेले के दौरान क्षमता से अधिक कई गुना श्रद्धालु आते है। इस वर्ष ढाई लाख से तीन लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, जिससे यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण के लिए व्यवस्थित प्लान तैयार किया गया है। उन्होंने भविष्य में कैंची धाम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंजीकरण व्यवस्था लागू करने और अधिकतम सीमा निर्धारित करने का सुझाव दिया, जिससे यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम बनाया जा सके।

**अपर सचिव जायजा**

आगामी 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भराड़ीसैंण विधानसभा में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। योगाभ्यास कार्यक्रम में विभिन्न देशों के राजदूतों के अलावा आम जनमानस द्वारा भी भाग लिया जाएगा। योग दिवस की तैयारियों के मद्देनजर अपर सचिव विजय कुमार जोगदण्डे ने आज विधानसभा भराड़ीसैण में चमोली जिले के सभी अधिकारियों की बैठक लेते हुए व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए 19 जून तक सभी व्यवस्थाएं पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने योग प्रशिक्षकों की नियुक्ति, आवश्यक सामग्री की उपलब्धता और प्रचार–प्रसार के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिए।